खाटू वाले को मन से पुकारो एक बार भजन लिरिक्स

खाटू वाले को,
मन से पुकारो एक बार,
नंगे पग दौड़ा आए,
नंगे पग दौड़ा आए,
सुनके पुकार,
खाटु वाले को,
मन से पुकारो एक बार।bd।

तर्ज – किमस्त वालों को।

भटक भटक कर,
दुनिया में मत डोल,
एक बार निज,
ह्रदय के पट को खोल,
घट में ही श्याम प्रभु का,
घट में ही श्याम प्रभु का,
होगा दीदार,
खाटु वाले को,
मन से पुकारो एक बार।bd।

करे फैसला पल का फेर नहीं,
देर तो है लेकिन अंधेर नहीं,
भर दे पल में भंडारा,
बाबा हारे का सहारा,
पहले तू हार,
खाटु वाले को,
मन से पुकारो एक बार।bd।

सुर नर मुनि जब पार नहीं पाए,
'किशन' भला क्या भेद समझ पाए,
पकड़ो अब बांह हमारी,
खाटू के श्याम बिहारी,
'पागल' के यार,
खाटु वाले को,
मन से पुकारो एक बार।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खाटू वाले को,
मन से पुकारो एक बार,
नंगे पग दौड़ा आए,
नंगे पग दौड़ा आए,
सुनके पुकार,
खाटु वाले को,
मन से पुकारो एक बार।bd।

स्वर – सुरभि चतुर्वेदी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com